लिए राज्य सरकारों, यात्रा व्यवसायियों एवं अन्य के साथ लगातार विचार-विमर्श करता रहता है।

3. पर्यटन मंत्रालय ने पारिस्थिति की पर्यटन नीति और दिशानिर्देश बनाए हैं। पारिस्थितिकी और पर्यटन के सतत विकास के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाए गए हैं।

4. हिमालय क्षेत्र और जल क्षेत्र आदि जैसे पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्रों में क्षरण को रोकने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु विशेष अध्ययन कराए गए हैं।

टिहरी बांध का कार्य पूरा किया जाना

*409. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या विद्युत मंत्री 3 जून, 1998 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 822 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संशोधित अनुमानों के अनुसार सन् 2002 तक उक्त योजना को पूर्ण करने के लक्ष्य की रूपरेखा क्या है;

(ख) प्रति वर्ष के लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) टिहरी नगर को कब तक खाली करवा लिया जाएगा?

विद्युत मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम): (क) और (ख) चालू किए जाने के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, टिहरी जल विद्युत परियोजना चरण-I (1000 मे०वा०) को मार्च, 2002 तक पूरा किए जाने का कार्यक्रम है। परियोजना को पूरा किए जाने हेतु वर्ष-वार लक्ष्य विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिए)

(ग) कॉफर बांध का ई०एल० 661 मीटर के स्तर तक का निर्माण जून, 1996 में पूरा कर लिया गया है। मानसून के महीनों (जुलाई-सितम्बर) के दौरान पर्याप्त चेतावनी के फलस्वरूप पिछले 32 वर्षों में देखे गए जल निःसरण के आधार पर जिन क्षेत्रों के प्रभावित होने की आशंका है, उस क्षेत्र में रह रहे लगभग 300 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना आवश्यक है। इन परिवारों को बसाने के लिए जिला प्रशासन के साथ परामर्श करके टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा अस्थायी प्रबंध किए गए हैं। जलाशय को अवरुद्ध करने से पूर्व ही पुराने टिहरी टाउन से जनता को हटा लिया जाएगा।

विवरण

टिहरी बांध और जल विद्युत परियोजना चरण-I (1000 मे०वा०) को पूरा किए जाने के वर्ष-वार लक्ष्य

क्र० सं०	वर्ष	लक्ष्य
1.	1998-99	(i) प्रमुख बांध को ई०एल० 620.0 मीटर तक उठाना। (ii) विद्युत गृह की ई०एल० 605.0 मीटर तक की भूमिगत खुदाई पूरी करना (iii) चार नियंत्रण शाफ्टों की खुदाई पूरी करना। (iv) टेल-रेस सुरंगों की खुदाई पूरी करना।
2.	1990-2000	(i) प्रमुख बांध को ई०एल० 660.0 मीटर के स्तर तक उठाना। (ii) विद्युत गृह की ई०एल० 583.0 मीटर तक की भूमिगत खुदाई पूरी करना (iii) शॉफ्ट ट्यूब की भूमिगत खुदाई पूरी करना। (iv) हैड-रेस सुरंगों में कंक्रीट लाइनिंग पूरी करना। (v) 250 मे०वा० प्रत्येक की चार उत्पादन यूनिटों का उत्थापन आरंभ करना।
3.	2000-2001	(i) प्रमुख बांध को ई०एल० 720.0 मीटर के स्तर तक उठाना। (ii) विद्युत गृह की आंशिक कंक्रीटिंग पूरी करना। (iii) पेन-स्टॉकों की कंक्रीटिंग पूरी करना।

क्र० सं०	वर्ष	लक्ष्य
4.	2001-2002	(i) प्रमुख बांध को ई०एल० 839.5 मीटर के स्तर तक उठाना। (ii) विद्युत गृह का कंक्रीटिंग कार्य पूरा करना। (iii) ड्राफ्ट ट्यूब की कंक्रीटिंग का कार्य पूरा करना। (iv) 250 मे०वा० प्रत्येक की चार उत्पादन यूनिटों को पूरा करके चालू करना।

Rise in Crime in the Capital

*410. SHRI JALALUDIN ANSARI:
SHRI GURUDAS DAS GUPTA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there has been a three per cent rise in heinous crimes in the capital during the first half of the current year; and

(b) if so, the details thereof; and the steps being taken to check the same?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) The number of cases of heinous reported in the National Capital Territory of Delhi during the first half of 1998 was 1277 as against 1285 reported during the corresponding period last year. The category-wise break-up of these cases is as follows:

Crime Head	No. of Cases reported upto 30th June 1997	1998
Dacoity	15	22
Murder	285	318
Attempt to murder	262	278
Robbery	332	364
Kidnapping for ransom	9	11
Riot	103	90
Rape	279	194
Total	1285	1277

(b) The position regarding the law and order situation in the National Capital Territory of Delhi is reviewed by the Government from time to time. The steps taken by the Delhi Police to prevent crime include, inter-alia, intensification of beat patrolling; posting of armed pickets at strategic points; strengthening of intelligence network; close watch on and frequent raids at the suspected hideouts of criminals; increased surveillance on history-sheeters; coordination meetings with the officers of neighbouring states; and deployment of women police near schools, colleges, markets and other conspicuous places.

मध्य प्रदेश में बंजरभूमि का विकास

*411. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में ऐसे महिला तथा युवा संगठनों की संख्या तथा उनका ब्यौरा क्या है जिन्हें राज्य में बंजरभूमि के विकास को बढ़ावा देने के लिए सहायता-अनुदान योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान वार्षिक केन्द्रीय अनुदान दिया जा रहा है;